बृहत् पारिभाषिक शब्द-संग्रह

(आयुर्विज्ञान, भेषज विज्ञान, शारीरिक नृविज्ञान)

Comprehensive Glossary of Technical Terms

(MEDICAL SCIENCES, PHARMACEUTICAL SCIENCES, PHYSICAL ANTHROPOLOGY)

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

केन्द्रीय हिंदी निदेशालय

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

COMMISSION FOR SCIENTIFIC & TECHNICAL TERMINOLOGY

CENTRAL HINDI DIRECTORATE

Ministry of Education and Social Welfare, Government of India.

प्राक्कथन

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने आयुर्विज्ञान, भेषजी और शारीरिक नृविज्ञान विषयों के अब तक जितने पारिभाषिक शब्द तय किये हैं, उनका यह समेकित संग्रह है। इस संकलन में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के लगभग पचास हजार शब्द हैं और यह गत २० वर्षों के दौरान शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में हुए शब्दावली के निर्माण, मानकीकरण और समन्वय के कार्य का परिणाम प्रस्तुत करता है।

इस सिलसिले में आयुर्विज्ञान शब्दावली के इतिहास के सम्बन्ध में एक संक्षिप्त उल्लेख करना आवश्यक है। सरकारी स्तर पर भारतीय वैज्ञानिक शब्दावली, विशेष रूप से आयुर्विज्ञान शब्दावली की प्रकृति और समस्याओं के संबंध में व्यवस्थित चिंतन और प्रयास सन् 1871 में बंगाल में आरम्भ हुआ था। बंगाल की तत्कालीन सरकार ने कलकत्ता मेडिकल कालेज में भारतीय भाषाओं के माध्यम से अध्यापन करने के लिए पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के उद्देश्य से एक समिति गठित की थी। इस समिति के सचिव बंगाल के प्रसिद्ध विद्वान श्री राजेन्द्र लाल मित्र थे। श्री मित्र ने भारतीय पारिभाषिक शब्दावली के विभिन्न पक्षों का विश्लेषणात्मक विवेचन करते हुए एक रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें कि उन्होंने अंग्रेजी समर्थकों और भारतीय भाषा समर्थकों के बीच निरन्तर चल रहे भारतीय शिक्षा इतिहास के एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विवाद की शास्त्रीय समीक्षा करते हुए, अन्त में अपने निष्कर्ष दिये थे। 'ग्रेज़ एनेटोमी' के बंगला अनुवाद और मिडवाइफरी से संबंधित बंगला में तैयार की गई पुस्तकों का विवेचन करते हुए श्री मित्र ने आयुर्विज्ञान के पारिभाषिक शब्दों का समुचित वर्गीकरण करते हुए इस बात का निर्देश किया था कि प्रत्येक वर्ग के पारिभाषिक शब्दो का भारतीयकरण या अनुवाद विभिन्न तरीकों से किया जाना चाहिए। ये निष्कर्ष प्रामाणिक और भविष्य की ओर संकेत करने वाले थे। यह रिपोर्ट जिसका शीर्षक 'ए स्कीम फार दी रेंडरिंग आफ यूरोपियन साइंटिफिक टर्म्स इन टू दी वर्नाकुलर्स ऑफ इंडिया' था, सन् 1877 में पाठ्य-पुस्तक लेखकों और यूरोपीय वैज्ञानिक ग्रन्थों के भारतीय भाषाओं मे अनुवाद करने वाले व्यक्तियों के बीच परिचालित करने के लिए प्रकाशित की गई थी। शिक्षा मंत्रालय ने इसे एक महत्वपूर्ण और उपयोगी दस्तावेज मान कर सन् 1956 में फिर से प्रकाशित किया और इसे शब्दावली कार्य में सहयोग करने वाली संस्थाओं और विद्वानों के पास भेजा। श्री राजेन्द्र लाल मित्र ने अपनी रिपोर्ट के आरम्भिक पैराग्राफों में लिखा है "यह विषय इतना जटिल है और इसके संबंध में इतना मतभेद है कि मुझे सब के एक राय होने की कोई आशा नही है।" उनका कथन बहुत हद तक 20वीं शताब्दी के मध्य तक चरितार्थ रहा। विगत 80 वर्षो के दौरान भारतीय शब्दावली का कार्य निरन्तर विभिन्न विवादों और विद्वानों तथा संस्थाओं द्वारा अलग-अलग भाषा-दर्शनों और शैलियों से किये गये शब्दावली कार्य के बीच से गुजरता रहा है।

स्वराज्य प्राप्ति के समय तक व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा प्रकाशित शब्दावलियों के अम्बार ने हमें इस चिंता और संशय में डाल दिया कि यह प्रगति, स्वाभाविक स्वस्थ विकास न हो कर कहीं किसी रोग का लक्षण तो नहीं है? विभिन्न क्षेत्रों में तथा एक ही भाषाई क्षेत्र में विभिन्न विद्वानों द्वारा तैयार की गई शब्दावली ने स्थिति को इतना बिगाड़ दिया कि एक ही विज्ञान या सामाजिक विषय पर एक ही भाषा में लिखी गई पुस्तकों में एक ही तकनीकी विचार के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग पाकर विद्यार्थी और पाठक क्षुब्ध होने लगे।

सन् 1952 में इस महत्वपूर्ण समस्या को हल करने का भार भारत सरकार को अपने ऊपर लेना पड़ा और कई सभाओं और सम्मेलनों में विद्वानों को एकत्र कर वह इस निष्कर्ष पर पहुँची कि किसी भी भारतीय भाषा में विश्वविद्यालयों की पढ़ाई के लिए ग्रंथ तैयार करने के पूर्व यह अत्यंत आवश्यक है कि अब तक किये गये सम्पूर्ण कार्य की समीक्षा की जाय और समन्वय की दृष्टि से शब्दावली के सिद्धान्तों को फिर से तैयार किया जाय।

विभिन्न विज्ञानों का शब्दावली निर्माण और पुनरीक्षण कार्य हाथ में लेने के साथ ही साथ शिक्षा मंत्रालय ने सन् 1954 में आयुर्विज्ञान की शब्दावली पर भी कार्य आरम्भ किया। यह कार्य वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड के मार्गदर्शन मे शुरू हुआ, जिसने कि नये सिरे से सिद्धान्तों की रूपरेखा भी बनाई। बोर्ड के विचारार्थ विषय और कार्य के मार्गदर्शन के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित सिद्धान्त इस प्रकार थे—

वैज्ञानिक पारिभाषिक-शब्दावली-बोर्ड के विचारार्थ विषय

1. हिन्दी और देश की प्रमुख साहित्यिक भाषाओं में अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दावली अपनाने के बारे में केन्द्रीय शिक्षा-परामर्श-बोर्ड के प्रस्ताव पर अमल करना।
2. ऐसे सिद्धान्त निर्धारित करना जिनके आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय पारिभाषिक शब्दावली को भारतीय भाषाओं की प्रकृति के अनुरूप बनाया जा सके।
3. विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रचलित शब्दावली के संग्रह का प्रबन्ध करना तथा ज्ञान की जिन शाखाओं में विदेशी शब्दों का प्रयोग उचित न हो, उनके लिए भारतीय भाषाओं के आधार पर उचित शब्दावली का निर्माण करना।
4. वैज्ञानिक विषयों पर आदर्श पुस्तकें तैयार करने के लिए नीति निश्चित करना और उसका पालन करना।

वैज्ञानिक पारिभाषिक-शब्दावली-बोर्ड द्वारा निर्धारित सिद्धांत

1. अन्तर्राष्ट्रीय शब्दावली से अर्थ उन वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दों से है जो कि समय-समय पर वैज्ञानिक-संघों की अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् की कार्यवाहियों में प्रकाशित किए जाते हैं।
2. जहाँ तक हो सके हिन्दी और भारत की दूसरी प्रमुख भाषाओं की पुस्तकों मे अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया जाए। वनस्पति-विज्ञान, प्राणि-विज्ञान और भूविज्ञान के अन्तर्राष्ट्रीय शब्द ज्यों-के-त्यों ले लिए जाएँ।
3. गणित और अन्य विज्ञानों में प्रयोग किए जाने वाले प्रतीक, चिह्न और सूत्र बिना किसी परिवर्तन के ग्रहण कर लिए जाएँ, अर्थात् रोमन लिपि में लिखे हुए अक्षर और अंक ही हिन्दी मे प्रयुक्त किए जाएँ।
4. वैज्ञानिक शब्दावली-कोश तैयार करने में अन्तर्राष्ट्रीय पारिभाषिक शब्दों का नागरीकरण किया जाए और उनका मूलरूप रोमन लिपि में कोष्ठक में दिया जाए। जहाँ कहीं जरूरी हो शब्दों का अनुवाद और व्याख्या दी जाए।

शिक्षा मंत्रालय ने इस कार्य का आरम्भ एक हिन्दी अनुभाग की स्थापना करके किया था। उस अनुभाग में आयुर्विज्ञान तथा अन्य विषयों की शब्दावली के निर्माण के लिए कुछ विज्ञानवेत्ता और भाषाविद् रखे गये। अनुभाग द्वारा प्रस्तुत आयुर्विज्ञान शब्दावली पर विचार करके उसे व्यवस्थित रूप देने के लिए आयुर्विज्ञान की एक विशेषज्ञ समिति बनाई गयी। सन् 1957–58 में आयुर्विज्ञान की दो शब्दावलियाँ प्रकाशित की गई। उसके बाद दो और शब्दावलियाँ प्रकाशित की गई।

धीरे-धीरे हिन्दी अनुभाग का विस्तार हुआ और उसके स्थान पर हिन्दी प्रभाग बना और अन्त में 1960 में केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना हुई। इस नई संस्था का पहला प्रमुख काम था तब तक निर्मित सम्पूर्ण शब्दावली को अंग्रेजी के वर्ण-क्रम से समेकित करके प्रकाशित करना। उक्त शब्दावली 'पारिभाषिक शब्द-संग्रह' नाम से 1962 में प्रकाशित हुई जिसमें विज्ञान और मानविकी के कोई एक लाख शब्द थे।

अप्रैल, 1960 में राष्ट्रपति के आदेश के अनुसार शिक्षा मंत्रालय ने अक्तूबर, 1961 में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली के स्थायी आयोग की स्थापना की। आयोग को निम्नलिखित काम सौंपे गये :—

(क) राष्ट्रपति के आदेश में निहित सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में अब तक किए गए कार्य का पुनरीक्षण और समन्वय;

(ख) हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के विकास और समन्वय से सम्बन्धित सिद्धांतों का निरूपण;

(ग) राज्यों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में किए गए कार्य का सम्बन्धित राज्य सरकारों की सहमति से या उनके अनुरोध पर समन्वय और सम्बन्धित संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत की गई शब्दावलियों का अनुमोदन;

(घ) आयोग द्वारा निर्मित या स्वीकृत नई शब्दावली का प्रयोग करते हुए विभिन्न मानक विषयों की पुस्तकों और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दकोशों का निर्माण और प्रकाशन तथा विदेशी भाषाओं की वैज्ञानिक पुस्तकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद।

आयोग ने शिक्षा मंत्रालय, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय तथा अन्य संस्थाओं द्वारा तब तक प्रस्तुत शब्दावलियों का पुनरीक्षण और समन्वय करने के लिए विविध विषयों की विशेषज्ञ सलाहकार समितियाँ नियुक्त कीं। इनमें भारत के सभी भाषाई क्षेत्रों के प्रमुख विद्वान्, अध्यापक और भाषाविद् थे। शब्दों पर विचार करने तथा उन्हें अन्तिम रूप देने के लिए देश के विविध भागों में संगोष्ठियाँ की गईं। आयोग ने वैज्ञानिक शब्दावली के भाषावैज्ञानिक पक्ष पर भी एक संगोष्ठी का आयोजन किया। उसमें देश के सभी भाषाई क्षेत्रों के प्रमुख भाषाविद् सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी भारतीय भाषाओं के लिए अधिकतम एकरूप शब्दावली का निर्माण करने में उपस्थित होने वाली रूपात्मक और ध्वन्यात्मक समस्याओं पर विचार करके अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं। शब्दावली का समीक्षण करते समय इन्हें ध्यान में रखा गया है।

आयोग द्वारा शब्दावली निर्माण के लिए निर्धारित सिद्धान्त इस शब्द-संग्रह में अन्यत्र दिये गये हैं। इनके आधार पर तैयार की गई पारिभाषिक शब्दावली का स्वरूप इस प्रकार है—

(क) अन्तर्राष्ट्रीय शब्दावली को ज्यों-का-त्यों रखा गया है और उसका केवल देवनागरीकरण किया गया है।

(ख) अखिल भारतीय पर्याय संस्कृत धातुओं के आधार पर निर्मित किए गए हैं।

(ग) कुछ प्रसंगों में संस्कृत पर्याय की अपेक्षा स्थानीय हिन्दी शब्दों एवं हिन्दी में आत्मसात अन्य भाषा के शब्दों को भी स्वीकृत किया गया है क्योंकि जन-सामान्य में उनका प्रचलन है। ऐसे प्रसंगों में अन्य भाषाओं को भी अपने भिन्न पर्याय रखने की छूट है।

इन बातों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने आयुर्विज्ञान शब्दावली खंड–1 सन् 1967 में और खंड–2 सन् 1969 में प्रकाशित की। इसके अतिरिक्त आयुर्विज्ञान शब्दावली खंड–3, भेषज विज्ञान शब्दावली खंड एक और दो और शारीरिक नृविज्ञान शब्दावली की पाण्डुलिपियाँ भी प्रकाशन के लिए तैयार कर ली गईं। प्रकाशित एवं अप्रकाशित उपरोक्त शब्दावलियों के सभी शब्दों का समेकन करके उन्हें अंग्रेजी के वर्णमाला-क्रम से संकलित किया गया।

इस कार्य में लगे हुए कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने अलग-अलग विषयों में विद्यमान शब्दावली की विविध-रूपता पर विचार किया और परस्पर परामर्श करके यथासम्भव एक-रूपता लाने का प्रयत्न किया। एक संकल्पना के अनेक पर्यायों में समन्वय करते हुए यथासम्भव कम से कम शब्द रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस समन्वय और सम्पादन का परिणाम ही प्रस्तुत शब्द-संग्रह है और यदि यह आशा की जाए कि अनेक वैज्ञानिकों और भाषाविदों के परिश्रम का यह परिणाम मौलिक ग्रंथ निर्माण और मानक पुस्तकों के अनुवाद में लगे हुए विविध भारतीय भाषाओं के हजारों लेखकों के लिए बड़ा सहायक और उपयोगी होगा, तो अनुचित न होगा।

ऐसे बृहत् प्रयास में दोष रह जाना स्वाभाविक है। वस्तुतः प्रत्येक कोश का प्रथम संस्करण एक प्रकार से उसका प्रारूप ही होता है। विद्वानों के बहुमूल्य सुझावों और भारतीय भाषाओं में विविध विषयों के ग्रंथ-प्रणेताओं के अनुभव के आधार पर हम इसके परवर्ती संस्करणों को अधिकाधिक उपयोगी एवं निर्दोष बनाने का प्रयत्न करेंगे। शब्दावली का काम कभी समाप्त नहीं होता। प्रत्येक विषय में साहित्य-सृजन का क्रम बराबर चलता रहता है, नये शोध कार्य प्रकाश में आते रहते हैं और परिणामस्वरूप प्रचलित शब्दों के अर्थ बदलते रहते हैं तथा नये शब्दों का प्रादुर्भाव होता रहता है। इस दृष्टि से कोई कोश अद्यतन नहीं कहा जा सकता।

आयुर्विज्ञान की शब्दावली के काम में डा० एस० बालसुब्रह्मण्यम, भूतपूर्व डीन, स्टेनले मैडिकल कालेज और चिकित्सालय, मद्रास के अगस्त सन् 1963 में आयोग के सदस्य के रूप में आ जाने पर पर्याप्त गति आई। उनकी विद्वत्ता और सुदीर्घ अनुभव के कारण काम प्रामाणिक रूप से आगे बढ़ा। उन्होंने देश के बड़े-बड़े चिकित्साशास्त्रियों और डाक्टरों का न केवल सहयोग प्राप्त किया, वरन् विभिन्न धारणाओं वाले व्यक्तियों में यह विचार जमाया कि अखिल भारतीय रूप की आयुर्विज्ञान शब्दावली का निर्धारण करना ज्ञान को गहन बनाने और शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए बहुत आवश्यक है। आयोग आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में उनके इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए कृतज्ञ है।

इस अवसर पर हम देश के उन प्रमुख वैज्ञानिकों और भाषाविदों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय महत्व के इस गुरुतर कार्य में हमें पूर्ण उत्साह और अनन्य निष्ठा से सहयोग दिया है। इस अनुष्ठान को सफल बनाने में आयोग के अपने सहयोगियों के प्रति उनके अथक परिश्रम के लिए मैं हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

पी० गोपाल शर्मा
अध्यक्ष

FOREWORD

The present publication is a consolidated volume of technical terms so far finalized by the Commission for Scientific and Technical Terminology in Medical Sciences, Pharmaceutical Sciences and Physical Anthropology. This glossary comprises equivalents of about 50,000 terms and covers requirement of literature for both the graduate and post-graduate standards. It is the result of concerted efforts of the Ministry of Education and Social Welfare and its different organizations through a careful process of evolution, standardisation and co-ordination for the last two decades.

To trace history in brief, serious thinking at the Government level on the nature and problems of Indian scientific terminology with a pointed reference to Western Medical Sciences was initiated in Bengal in 1871, when the Government of Bengal appointed a Committee to report on the best mode of providing textbooks for the Vernacular classes of the Medical College of Calcutta. The Secretary of this Committee was Shri Rajendra Lala Mitra, an eminent scholar who prepared a detailed report incorporating a critical examination of the question of Indian terminology from linguistic and academic angles. He also extensively dealt with the arguments of Anglicists and Orientalists of his time who were engaged in one of the most interesting battle of wits in the educational history of India. Basing his observations on the Bangla Translation of 'Gray's Anatomy' and other works on Midwifery he sifted and categorised medical terms into various groups each requiring a specific linguistic treatment. By and large, his conclusions, at the end of the report, were sound and futuristic in their import. The report entitled 'A Scheme for the rendering of European Scientific Terms into the Vernaculars of India' was subsequently published in 1877 "for circulation among the Textbook Writers and Translators of European Scientific works in the different vernaculars of India." The Ministry of Education considering it as a document of abiding value, printed it again for circulation among the scholars and academic bodies of India in 1956.

Shri Rajendra Lala Mitra, in the initial paragraphs of his report had very aptly remarked—"the subject is of such an intricate nature and opinion about it seems to be so varied and discordant, that I cannot hope to find anything like unanimity." This continued to be true to a very large extent, upto the middle of the Twentieth century. Indian terminology during the past 80 years has been persistently passing through various controversies and scholistic creations of varying philosophies and styles.

At the time of India's attainment of Independence, a stage had reached when terminologies created by institutions and individuals began to be dreaded as an alarming hypertrophy rather than a congenial development. Terminological work in different regions of India as well as the terms coined by various scholars within the same linguistic area heightened the confusion and the ultimate victims were the readers and students. They were utterly perplexed with the plurality of terms in the same language publications on the same subject of Science or Social Science.

In 1952, the Government of India was constrained to take up the question and through a series of conferences and meetings, it came to the conclusion that a reformulation of principles and review of the entire work from the point of view of co-ordination was imperative for any successful programme of production of literature for university teaching.

Alongwith evolution and review of terminology in various Sciences, the terminology of Medical Sciences was taken up in 1954 under the guidance of the Board of Scientific Terminology which broadly enunciated the principles. The terms of reference of the Board of Scientific Terminology and the principles laid down by the Board were as under:—

Terms of Reference

1. To implement the resolution of the Central Advisory Board of Education in regard to adoption of international scientific and technical terms in Hindi and the principal literary languages of India.

2. To lay down the principles according to which the international terms may be adapted to the genius of Indian languages.
3. To make arrangements for the collection of terms current in Indian languages and for coining suitable terms on the basis of Indian languages for branches of knowledge where use of foreign terms may not be suitable.
4. To determine and carry out the policy regarding preparation of standard books on scientific subjects.

Principles laid down by the Board

1. By International terminology is meant the scientific and technical terms given in the proceedings of the International Council of Scientific Unions from time to time.
2. As far as possible, International scientific and technical terms should be used in all books written in Hindi and other principal languages of India. International terms in Geology, Zoology and Botany should be adopted as such.
3. The symbols, signs and formulae used in Mathematics and other Sciences should be adopted without modification i.e. letters and figures of the Roman alphabet should be used in Hindi.
4. In preparing dictionaries of scientific terminology, the transliteration of the International terms should be given in Devanagari and then the original in Roman script in brackets. Wherever necessary, a translation and explanation of the terms should also be given.

Initially the Ministry of Education set up a Hindi Section for the evolution of terminology in different subjects including Medical Sciences and staff comprising of scientists and linguists was appointed. Expert Advisory Committee for the Medical Sciences was constituted to examine the terms evolved by the Section and to give them final form. The first set of two provisional Glossaries in Medical Sciences was brought out in the year 1957–58. Thereafter two more provisional Glossaries were compiled and published.

The Hindi Section expanded into a Division of the Ministry and ultimately emerged as the Central Hindi Directorate in the year 1960. The first task of this new body was to consolidate all the terms evolved in different subjects till then in one alphabetical order. This terminology was published in 1962 with the title "Consolidated Glossary of Technical Terms" which contained about one lakh terms and covered Medical Sciences alongwith other Sciences and Humanities.

In the mean time the Standing Commission for Scientific and Technical Terminology was appointed by the Ministry of Education in October, 1961 in pursuance of the Presidential Order of April 1960, and the following functions were assigned to it :—

(a) Review of the work done so far in the field of scientific and technical terminology in the light of the principles laid down in the Presidential Order;
(b) Formulation of principles relating to co-ordination and evolution of scientific and technical terminology in Hindi and other languages;
(c) Co-ordination of the work done by different agencies in the States in the field of scientific and technical terminology, with the consent or at the instance of the State Government concerned and approval of Glossaries for use in Hindi and other Indian languages as may be submitted to it by the concerned agencies;
(d) Preparation of standard scientific textbooks using the new terminology evolved or approved by it, preparation of scientific and technical Dictionaries and translation into Indian languages of scientific books in foreign languages.

The Commission appointed Expert Advisory Committees for different subjects to review and co-ordinate the terms prepared by the Ministry of Education, Central Hindi Directorate and other academic bodies. These Committees consisted of eminent scholars, teachers and linguists, representing all the regional languages of India. Seminars were held in different parts of the country to discuss and finalise the terms. The Commission also organised a

Seminar on the Linguistics of Technical Terminology which was attended by eminent linguists from almost all the regions of the country. They discussed and made recommendations in regard to problems of morphological and phonological processes involved in achieving maximum uniformity for the Indian languages. The recommendations of the linguists were taken into consideration while reviewing the terminology.

The principles for the evolution of terminology laid down by the Commission are given elsewhere in this Glossary. Their application can be summarised as follows :

(a) International terms have been retained as such and only their transliterations have been given.
(b) Pan-Indian equivalents have been coined from Sanskrit bases.
(c) In some cases, Hindi words of regional character and some other regional words assimilated in Hindi, have been preferred to their Sanskrit equivalents on the basis of their common usage. In such cases, the other Indian languages are free to use words current in their own areas.

The Commission published the Medical Sciences Glossary Vol. I in 1967 and Vol. II in 1969. The manuscripts of the Medical Sciences Glossary Vol. III, Pharmaceutical Sciences Glossary Vol. I and Vol. II and Physical Anthropology Glossary were also ready for publication. All the terms appearing in the published and un-published Glossaries referred to above were then consolidated in a single alphabetical order. The areas of incoordination between different subjects were located and resolved by mutual consultation among the staff. Special care was taken to reduce the multiplicity of equivalents of one concept as far as possible. This process of coordination and editing has given the present form to the Glossary and there is every reason to believe that the product of hard labour of a large number of scientists and linguists will go a long way to satisfying the needs of thousands of persons engaged all over the country in translating standard works and writing original books in Medical Sciences.

We are aware that such a voluminous work may not be entirely faultless. In fact, the first edition of a Dictionary should always be treated as a draft. We will try our best to improve the subsequent editions in the light of the suggestions received from scholars and authors. Evolution of terminology is a continuous process. Every time a new book appears in the market or an important research paper is published, concepts attached to some of the existing terms get modified and new terms get introduced. This is happening in case of almost all the subjects, rendering any technical Dictionary inexhaustive and behind time. We are conscious of our responsibility in this regard and it will be our endeavour to evolve a methodology by which we are able to carry on a continuous scrutiny of the current literature in various subjects with a view to adding new expressions to our stock of words.

The work on Medical Terminology gained considerable momentum under the expert guidance of Dr. S. Balasubramaniam, Ex-Member (Medicine) (Ex-Dean, Stanley Medical College and Hospital, Madras) when he joined the Commission for Scientific and Technical Terminology in August, 1963. His learning and extensive experience of the medical field lended depth and authenticity to the work. He not only invited and sought the co-operation of eminent medical scholars and practitioners of the country but also made them realize the urgency and educational significance of Indian Terminology of a Pan-Indian character. We record here the Commission's tributes to his valuable contribution in its work for Medical Sciences.

We take this opportunity to pay our tributes to the eminent scientists and linguists hailing from all over India, who with indefatigable enthusiasm and whole-hearted devotion put their minds together to complete this gigantic task of national importance. Words of commendation are also due to my colleagues in the Commission who worked hard to make this endeavour a success.

P. Gopal Sharma
Chairman

भूमिका

इस समेकित शब्द-संग्रह में आयुर्विज्ञान के लगभग 36,000 शब्द, भेपजविज्ञान के 9,500 शब्द एवं शारीरिक नृविज्ञान के 4,500 शब्द सम्मिलित हैं। 1964 में आयोग के आयुर्विज्ञान एवं भेपजी एककों के गठन से पहले, शरीररचनाविज्ञान, शरीरक्रियाविज्ञान, भेपजगुणविज्ञान तथा शल्यविज्ञान के 12,000 पर्यायों का निर्माण हो चुका था। इन पर्यायों पर संगोष्ठियों में पुनर्विचार हुआ और उनको अन्तिम रूप दिया गया। वाद में 10,000 अतिरिक्त शब्दों के पर्यायों का निर्माण हुआ। इस प्रकार एम० वी० वी० एस० पाठ्यक्रम के अधिकतर विषयों का समावेश हो गया। इन शब्दों को अन्तिम रूप देने के लिए अखिल भारतीय संगोष्ठियों का आयोजन मसूरी, बंगलौर, बम्बई, तथा नई दिल्ली में क्रमश: 1963, 1964, 1965 तथा 1966 में किया गया। इस प्रकार अगस्त 1967 में आयुर्विज्ञान शब्दावली खंड–1 का प्रकाशन हुआ। इस शब्द-संग्रह में शरीररचनाविज्ञान, शरीरक्रियाविज्ञान, जीवरसायन, भेषजगुणविज्ञान, विकृतिविज्ञान, सूक्ष्मजीवविज्ञान, कायचिकित्सा, शल्यविज्ञान, प्रसूति एवं स्त्रीरोगविज्ञान, सामाजिक एवं रोधक आयुर्विज्ञान, नेत्रविज्ञान, वालचिकित्साविज्ञान एवं मनोविकारविज्ञान विषयों से सम्वन्धित लगभग 22,000 तकनीकी शब्द सम्मिलित थे। इसके वाद विकलांगविज्ञान, कर्णनासाकण्ठविज्ञान, त्वचाविज्ञान, संवेदनाहरणविज्ञान, विकिरणविज्ञान, परिचर्या एवं व्यवहार आयुर्विज्ञान विषयों से सम्बन्धित शब्दों का निर्माण किया गया। इन पर्यायों को मैसूर तथा नई दिल्ली में आयोजित संगोष्ठियों एवं परामर्शदात्री समिति की बैठकों में अन्तिम रूप दिया गया। जनवरी 1969 में आयुर्विज्ञान शब्दावली खंड–II, जिसमें 4,500 शब्दों का संग्रह था, प्रकाशित किया गया। तब तक एम० वी० वी० एस० एवं परिचर्या पाठ्यक्रमों के सभी विषयों का समावेश हो गया था। तदनन्तर स्नातकोत्तर शिक्षण की पुस्तकों से शब्दों का चयन किया गया। तंत्रिका-शारीर, शरीरक्रियाविज्ञान, भेषजगुणविज्ञान, प्रतिरक्षाविज्ञान, कवकविज्ञान, वाइरसविज्ञान, सीरमविज्ञान, वक्षरोग, हृद्रोग, रुधिरविज्ञान, कौमारभृत्य, तंत्रिका-शल्यविज्ञान, संधानकर्म आदि विषयों के लगभग 10,000 शब्दों के पर्यायों का निर्माण किया गया और उनको अन्तिम रूप दिया गया। आयुर्विज्ञान शब्दावली खंड–III की पाण्डुलिपि, जिसमें ये सभी शब्द सम्मिलित हैं, प्रकाशन हेतु तैयार हो गई है। इन 10,000 शब्दों का भी इस समेकित शब्द-संग्रह में समावेश कर लिया गया है।

भेषजविज्ञान के अन्तर्गत भेपजिकी, औषध-योजन, भेषज-रसायन, भेषज-अभिज्ञान एवं न्याय भेषजी की विभिन्न विशेषताओं से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों के पर्यायों का निर्माण कार्य आयोग में फरवरी 1964 में प्रारम्भ किया गया था। 1968 तक उपर्युक्त विषयों के लगभग 7,000 शब्दों को विभिन्न परामर्शदात्री समिति की गोष्ठियों में, जो नई दिल्ली में आयोजित की गई थीं, एवं मैसूर, मसूरी तथा पूना में आयोजित संगोष्ठियों में अन्तिम रूप दिया गया। ये शब्द भेषजविज्ञान शब्द-संग्रह खंड–I में प्रकाशन हेतु तैयार हैं। इसके वाद उन्नत भेषज-रसायन, उन्नत भेषज-अभिज्ञान, भेषजिक औद्योगिकी, औषध विपणन एवं व्यवसाय प्रशासन से सम्बन्धित लगभग 3,500 शब्दों को अन्तिम रूप दिया गया। ये भेषजविज्ञान शब्द-संग्रह खंड–II में सम्मिलित हैं जो प्रकाशन के लिए तैयार है। सूक्ष्मजीवविज्ञान, भेषजगुणविज्ञान एवं जीवरसायन विषयों के शब्द आयुर्विज्ञान में भी सम्मिलित होने थे अत: इनके निर्माण का कार्य आयुर्विज्ञान एकक के लिए छोड़ दिया गया था।

शारीरिक नृविज्ञान की विभिन्न शाखाओं अर्थात् मानवमिति, तुलनात्मक शारीर, मानव आनुवंशिकी, मानव विकास, प्राइमेट वर्गीकरणविज्ञान, फॉसिल-मानव, मानवजातिविज्ञान, जाति अध्ययन तथा जनसंख्या आनुवंशिकी, सीरमविज्ञान, डर्मेटोग्लिफिक्स, जीवमिति, वृद्धि, संघटन एवं शरीरगठन तथा व्यावहारिक (प्रयुक्त) नृविज्ञान से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों के पर्यायों का निर्माण कार्य आयोग द्वारा 1966 में प्रारम्भ किया गया था। लगभग 5,000 शब्दों को विशेषज्ञ परामर्शदात्री समिति की गोष्ठियों एवं संगोष्ठियों में, जो पूना (1968) तथा नई दिल्ली (1969) में आयोजित की गईं, अन्तिम रूप दिया गया।

आयुर्विज्ञान, भेपजविज्ञान एवं शारीरिक नृविज्ञान में शब्दों के निर्माण की पद्धति एकसी रही है। उदाहरणस्वरूप आयुर्विज्ञान के पर्यायों के निर्माण में प्रयुक्त पद्धति का नीचे वर्णन किया गया है।

अनुसंधान सहायकों द्वारा शब्दों का चयन सामान्य प्रयोग में आनेवाली पुस्तकों से किया गया। प्रत्येक शब्द का उचित पर्याय संदर्भ पुस्तकों एवं आयुर्विज्ञान तथा भापा के शब्दकोशों में देखकर, लेखबद्ध करके, सुझाया गया। इन शब्दों को विशेषज्ञ परामर्शदात्री समिति की गोष्ठियों में समय समय पर रखा गया। इन गोष्ठियों में आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों से तत्सम्बन्धित विपयों के अध्यापकों को भी आमन्त्रित किया जाता था जिससे कि वे यह निश्चित कर सकें कि सुझाये गये पर्याय में मूल शब्द के अर्थों का पूर्णरूपेण समावेश हो गया है। तदुपरान्त इन निश्चित पर्यायों को अखिल भारतीय संगोष्ठियों में अंतिम रूप देने के लिये रखा जाता था। इन संगोष्ठियों में आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं विपय-विशेषज्ञों को विभिन्न भापाई क्षेत्रों से बुलाया जाता था ताकि आयोग के इस निदेश को, कि निश्चित पर्याय अधिकतम भापाओं में तादात्म्य रखे, लागू किया जा सके। प्रत्येक पर्याय का अन्तिम रूप निश्चित करने से पहले संगोष्ठियों में आये हुए सभी प्रतिनिधि पूर्णरूपेण विचार-विमर्श करते थे और एकमत होकर पर्याय की स्वीकृति देते थे। इस प्रकार इस शब्द-संग्रह में सम्मिलित पर्याय केवल वैज्ञानिक व्युत्पन्नता ही नहीं लिए हुए हैं वल्कि विभिन्न भापाई क्षेत्रों से आमन्त्रित विशेपज्ञों एवं शिक्षकों द्वारा पूर्णतः समर्थित भी हैं। इस प्रकार यह शब्द-संग्रह आयुर्विज्ञान एवं विज्ञान के 242 शिक्षकों एवं विशेपज्ञों के विचार विमर्शों एवं एकमत परिणामों को निरूपित करता है जिनके नाम इस पुस्तक में अन्य स्थान पर दिए गए हैं। उन सभी सज्जनों के प्रति आयोग आभार प्रदर्शित करता है।

पर्यायों के निर्माण में अन्तर्राप्ट्रीय शब्दों, जैसे त्रिपदीय एवं द्विपदीय शब्दों, को यथासम्भव अपने मूल रूप में सुरक्षित रखा गया है और उनका देवनागरी लिपि में लिप्यन्तरण किया गया है। इसी प्रकार तत्वों तथा यौगिकों के नामों, मूल नामों पर आधारित शब्दों, संकेतों तथा सूत्रों को भी वैसा ही किया गया है। संकल्पनात्मक शब्दों का सामान्यतया अनुवाद किया गया है, हालांकि यहाँ भी जिस शब्द का भापा पर्याय उचित नहीं वन पड़ा है, उसका भी लिप्यन्तरण किया गया है। कई शब्दों का, विशेपकर शरीररचनाविज्ञान सम्वन्धी शब्दों का, अनुवाद के साथ साथ लिप्यन्तरण भी रखा गया है और शब्द-संग्रह में जहाँ कहीं भी (विशेपकर शरीररचनाविज्ञान के) लिप्यन्तरित शब्द नहीं दिए गये हैं, आवश्यकतानुसार लिप्यन्तरण करके प्रयोग करने की अनुमति है।

संक्षिप्त शब्दों, जैसे DOPA, BAL, DNA, ACTH इत्यादि, का न तो अनुवाद ही किया गया है और न लिप्यन्तरण ही, अपितु उनको उसी प्रकार रोमन लिपि में ही पर्याय के स्तम्भ में प्रकाशित किया गया है। यौगिक शब्दों में आने वाले संक्षिप्त अक्षरों को भी उसी प्रकार रोमन लिपि में रखा गया है; शब्दों के शेष भाग का या तो अनुवाद किया गया है या लिप्यन्तरण, अर्थात् Rh factor = Rh कारक; APC virus = APC वाइरस, APC विपाणु; vitamin K = विटामिन K।

शब्दों के पर्यायों का निर्माण संस्कृत धातुओं के आधार पर किया गया है—90 से 95 प्रतिशत पर्याय इसी आधार पर निर्मित हैं। भारत की सभी भापाओं का उद्गम संस्कृत से होने के कारण इस पद्धति द्वारा अत्यधिक एकरूपता प्राप्त हुई है और आशा की जाती है कि विभिन्न भापाओं के जानने वाले इन पर्यायों को आसानी से ग्रहण कर सकेंगे। पर्यायों का चयन करते समय यह विचार सदा सामने रहा है कि पर्याय सरल एवं सुलभ हों तथा उनका अर्थ सुव्यक्त एवं सुवोध हो।

इस शब्द-संग्रह को प्रयोग में लाने एवं प्रविष्टियों (Entries) के क्रम विन्यास से सम्बन्धित टिप्पणियाँ

शब्द-संग्रह में दो प्रकार के शब्द सम्मिलित हैं :

(i) केवल एकशाब्दिक तकनीकी शब्द जो मुख्य प्रविष्टि के रूप में दिए गए हैं तथा

(ii) बहुशाब्दिक तकनीकी शब्द अथवा यौगिक शब्द जो उपप्रविष्टियों के रूप में हैं।

"मुख्य प्रविष्टियों" का क्रम अंग्रेजी वर्णमाला के अकारादि क्रम में है और उनको मोटे अक्षरों में छापा गया है। "उप-प्रविष्टियाँ", जो कि सभी यौगिक हैं, अपरिवर्तनीय रूप से संज्ञा में समाप्त होती हैं और अपने अपने स्थान में "मुख्य प्रविष्टि" के रूप में सूचीबद्ध हैं। इसलिए यौगिक शब्द को ढूंढते समय, अध्ययनकर्त्ता को, उसके अन्तिम संज्ञा वाले उचित स्थान में देखना चाहिए। उदाहरणस्वरूप एसिटिक अम्ल, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, सल्फ्यूरिक अम्ल और इन्हीं के समान अन्य शब्द "अम्ल (acid)" की उपप्रविष्टि में मिलेंगे। इसी प्रकार अवशोषण बंधनी, अलिन्द-निलय बंधनी, पार्श्व बंधनी आदि सभी शब्दों को मुख्य प्रविष्टि "बंधनी (band)" में सूचीबद्ध किया गया है। रोमक पिण्ड, लीशमन-डोनोवान पिण्ड, मालपीजी पिण्ड, को "पिण्ड (body)" के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। इसी, प्रकार सभी संलक्षण (syndromes), चिह्न (signs), नियम (laws) इत्यादि शब्द क्रमानुसार उन तीन "मुख्य प्रविष्टियों" में सूचीबद्ध किए गए हैं। विभिन्न प्रकार के मूत्राशयशोथ (cystitis), तानिकाशोथ (meningitis) और ऐसे ही अन्य शब्द अपने-अपने उपर्युक्त शब्दों के अन्तर्गत छपे हुए मिलेंगे। प्रत्येक "उपप्रविष्टि" में, मुख्य तकनीकी शब्द का प्रतिनिधित्व करने वाला शब्द, चाहे वह प्रारम्भ में आता हो अथवा अन्त में, अपने प्रथम अक्षर के द्वारा सांकेतिक है और उसके बाद केवल पूर्ण विराम चिह्न (.) दिया गया है। कुछ "मुख्य प्रविष्टियो" के साथ कोष्ठक में पर्यायवाची शब्द भी दिये गये हैं और चिह्न (=) उनमें पहले दिया गया है। यदि एक ही अंग्रेजी शब्द के लिए दो या दो से अधिक हिन्दी पर्याय दिये गये हैं तो उन दोनों के बीच अल्प विराम अथवा कॉमा दे दिया गया है, अर्थात् इन दोनों पर्यायों में से किसी भी एक पर्याय का आवश्यकतानुसार प्रयोग कर सकते हैं। परन्तु ऐसे शब्दों मे जिनके दो पर्याय दिए गए हैं और दोनों ही पर्यायों का अपने-अपने संदर्भ में अथवा विषयों में अलग-अलग अर्थ है तो उन पर्यायों को क्रमसख्या के अनुसार सूचित किया गया है। धमनियों, पेशियों तथा तंत्रिकाओं को इकट्ठा करके अपने-अपने शीर्षकों—'मुख्य धमनियों की सूची;' 'मुख्य पेशियों की सूची;' 'मुख्य तंत्रिकाओं की सूची'—में दर्शाया गया है।

उन अवस्थाओं में जहाँ आयोग के द्वारा प्रकाशित विभिन्न शब्द-संग्रहों में एक ही अंग्रेजी शब्द के पर्यायों में भिन्नता मिलती हो तो यह नहीं समझ लेना चाहिए कि वे आपस में एक दूसरे का खण्डन कर रहे हैं। यह तो और अधिक पर्यायों का जोड़ना हुआ और इस प्रकार लेखक को विशिष्ट संदर्भ में उचित पर्याय को प्रयोग करने का विकल्प है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि ऐसे शब्द-संग्रह का ध्येय आचार्यों एवं अध्यापकों को आयुर्विज्ञान की विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य पाठ्यक्रमों की पाठ्यपुस्तको के विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद अथवा मौलिक लेखन को सम्भव बनाना है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मुख्य कठिनाई पाठ्यपुस्तकों में आए हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों के यथासम्भव परिशुद्ध एवं एकरूप पर्यायों का चयन करना है। इस समस्या का समाधान कर दिया गया है और यह आशा की जाती है कि यह शब्द-संग्रह आयुर्विज्ञान एवं भेपजविज्ञान की प्रामाणिक पुस्तकों सहित भारतीय भाषाओं के साहित्य की संवृद्धि करने में अधिकाधिक संवेग प्रदान करेगा। इस प्रकार देश में आयुर्विज्ञान की शिक्षा के स्तर की उन्नति होगी एवं इसका प्रसार होगा।

रघुनाथ प्रसाद

प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्विज्ञान)

PREFACE

This consolidated glossary contains equivalents of about 36,000 terms of Medical Sciences, 9,500 terms of Pharmaceutical Sciences and 4,500 terms of Physical Anthropology. Before the constitution of the Medicine and Pharmacy Units of the Commission in 1964, about 12,000 equivalents had already been coined in the subjects of Anatomy, Physiology, Pharmacology and Surgery. These equivalents were reviewed and finalized at the seminars. Subsequently equivalents of 10,000 additional terms covering most of the subjects of M.B.B.S. curriculum were coined. To finalize all these terms All India Seminars were held at Mussoorie, Bangalore, Bombay, New Delhi in the years 1963, 1964, 1965 and 1966 respectively. Thus in August 1967, Medical Sciences Glossary Volume I containing equivalents of about 22,000 terms covering the subjects of Anatomy, Physiology, Biochemistry, Pharmacology, Pathology, Microbiology, Medicine, Surgery, Obstetrics and Gynaecology, Preventive and Social Medicine, Ophthalmology, Paediatrics and Psychiatry was published. Thereafter the terms in the subjects of Orthopaedics, E.N.T., Dermatology, Anaesthesiology, Radiology, Nursing and Medical Jurisprudence were coined. These equivalents were finalized at the seminars and Expert Advisory Committee meetings held at Mysore and New Delhi. In January 1969, Medical Sciences Glossary Volume II containing 4,500 terms was published. By then almost all the subjects of M.B.B.S. and Nursing curriculum had been covered. After this, terms from the books of postgraduate studies were taken up. Equivalents of about 10,000 terms from Neuro-Anatomy, Physiology, Pharmacology, Immunology, Mycology, Virology, Serology, Chest diseases, Cardiology, Haematology, Paediatrics, Neuro-surgery, Plastic surgery etc. were coined and finalized. The manuscript of Medical Sciences Glossary Vol. III containing all these terms has been prepared for publication. These 10,000 terms have been incorporated in this consolidated volume.

The work of evolving equivalents of technical terms in various specialities of Pharmaceutical Sciences viz. Pharmaceutics, Dispensing, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacognosy and Forensic Pharmacy, was started in the Commission in February 1964. By 1968 nearly 7,000 terms of the above mentioned subjects were finalized at various Expert Advisory Committee meetings held at New Delhi and Seminars held at Mussoorie, Mysore and Poona. hese terms constitute Vol. I of Pharmaceutical Sciences Glossary which is awaiting publication. Thereafter nearly 3,500 terms of advanced Pharmaceutical Chemistry, advanced Pharmacognosy, Pharmaceutical Technology, Drug Marketing and Business Administration were further finalized. They comprise Pharmaceutical Sciences Glossary Vol. II which is also ready for publication. The terms of Microbiology, Pharmacology and Biochemistry were left to be done under Medical Sciences as the subjects were common to both the faculties.

Evolving equivalents of the terms in various topics of Physical Anthropology viz. Anthropometry, Comparative Anatomy, Human Genetics, Human Evolution, Primate Taxonomy, Fossilmen, Ethnology, Race Study and Population Genetics, Serology, Dermatoglyphics, Biometry, Growth, Constitution and Physique and Applied Anthropology was started by the Commission in the year 1966. About 5,000 terms coined were finalized by E. A. C. meetings and Seminars held at Poona (1968) and New Delhi (1969).

The methodology adopted in the evolution of equivalents has been the same for the medical sciences, pharmaceutical sciences and physical anthropology. As such the methodology in the evolution of the equivalents of medical sciences only is described as an example.

The terms were selected by Research Assistants from the commonly used textbooks. After thorough documentation of each term by reference to books, medical and language dictionaries, suitable equivalents were suggested. These were placed before the Expert Advisory Committee meetings periodically, to which active teachers of the subjects concerned from the Medical Colleges were invited in order to ensure that the chosen equivalent contains the correct scientific content and nuance of the original term. The next step in the process was to have these equivalents so reviewed placed before an All-India Seminar, to which were invited teachers and specialists from the Medical Colleges representing the various regions and languages. This was necessary to satisfy the directive to the Commission that the finalized equivalents should have the maximum measure of identity for all languages. A representative Seminar assured this as each term was fully discussed in it and every equivalent finalized after its unanimous acceptance by the participants.

It is in such manner assured that the equivalents in this Glossary are not only as scientifically derived as possible, but also enjoy the largest measure of acceptance from scholars and teachers from varied linguistic regions. This Glossary thus, represents the deliberations and unanimous conclusions of 242 medical teachers and scholars, whose names are appearing elsewhere in this glossary. To all of them the Commission renders grateful thanks and tributes in abundant measure.

In the preparation of equivalents, international terms such as Binomial and Trinomial terms, are retained in their original form and transliterated in Devanagari script; so also have the names of elements and compounds, terms based on proper names, symbols and formulae been dealt with. Terms which denote concepts have in general been translated, though here again transliteration is adopted where a suitable language equivalent could not be evolved. In the case of many terms, particularly, in Anatomy, in addition to the translated equivalent, transliteration has also been suggested and even where the transliterated word is not printed in the Glossary, it is permissible to use it wherever preferred, in the case of Anatomical terms.

Abbreviated terms like DOPA, BAL, DNA, ACTH etc. are neither translated nor transliterated but are retained as such and printed in Roman in the equivalents column also. Abbreviations occurring in Compound terms will also be similarly retained, the rest of the terms alone being translated or transliterated e. g. Rh factor=Rh कारक, APC virus=APC वाइरस, vitamin K=विटामिन K.

By basing the translated equivalents mostly on Sanskrit root—in approximately as high percentage as 90 to 95—it is sought to achieve the maximum measure of identity among

all the Indian languages, as almost all of them, draw largely from Sanskrit. Every care is also taken to ensure that in the selection of equivalents, simplicity to the extent possible, precision of meaning and easy intelligibility have been the guiding considerations.

NOTES ON USE OF THIS GLOSSARY & ARRANGEMENT OF ENTRIES.

The Glossary consists of two types of terms : (1) Terms of just one word forming the 'Main entries', & (ii) Terms of more than one word or compound terms forming the 'Sub-entries'. The 'Main entries' appear alphabetically and printed in bold type. The 'Sub-entries' which are all compound terms invariably end in a noun and are listed under it in its place as a 'Main entry.' So in seeking a compound term the reader should look for it in the appropriate place in which its ending noun will occur. For example, Acetic acid, Hydrochloric acid, Sulphuric acid and the like are all listed as 'Sub-entries' under "acid". Similarly Absorption band, Atrioventricular band, Lateral band are all listed under the 'Main entry' "band". Ciliary body, Leishman-Donovan body, Malpighian body are listed under "body." On the same pattern, all the Syndromes, Signs, Laws etc. will be found listed respectively under those three 'Main entries'. The various varieties of Cystitis, Meningitis, Nephritis and so on find their place respectively under the above words. In each "Sub-entry" the word representing the main term is indicated by its first letter followed by a full-stop (.) whether it is at the commencement or at the end. Against a few of the 'Main entries' synonyms are given within brackets preceded by the sign (=). Where two or more Hindi equivalents are given for the same English term, a comma is placed between each two if they could be used interchangeably as preferred. But in the case of such terms where two equivalents are given to indicate entirely different meanings for use in different contexts or subjects, it is indicated by entries in serial numbers. Arteries, Muscles, Nerves and Veins are assembled and appear under the heads "List of main Arteries", "List of main Muscles", "List of main Veins" and "List of main Nerves."

In instances, when differing equivalents are given for the same English term in different Glossaries issued by the Commission it must not be understood that they contradict each other; rather they are supplements in order that the user may have the choice of that equivalent which is appropriate to a particular context.

Thus it is clear that the objective of a Glossary of this type is to make it possible for Professors and Teachers to write in original or translate in the various Indian languages good textbooks in the different subjects of medical and other curriculum. The main difficulty in this important work is the choice of precise and preferably identical equivalents for scientific and technical terms occurring in the text. Having solved this difficulty, it is fervently hoped that this Glossary will give measurable impetus to enrichment of the literature of Indian languages with authoritative books in the Medical and Pharmaceutical Sciences, thus, improving standards and spreading of scientific medical education in the country.

R. PRASAD
Principal Scientific Officer
(MEDICINE)

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
Commission for Scientific and Technical Terminology

अध्यक्ष

कोठारी, डा० दौलत सिंह
(1961 से 1965)

सेठी, डा० निहालकरण
(1965 से 1966)

प्रसाद, डा० विश्वनाथ
(1966 से 1967)

बालसुब्रह्मण्यम, डा० एस०
(1967 से 1968)

सक्सेना, डा० बाबू राम
(1968 से 1970)

भार्गव, श्री कृष्ण दयाल
(1970)

सोमयाजी, श्री गंटी जोगि
(1970 से 1971)

शर्मा, डा० पी० गोपाल
(1971—)

उपाध्यक्ष

नायक, श्री रमाप्रसन्न

परामर्शदाता

नगेन्द्र, डा०

सदस्य

बर्धन, डा० जे० सी०
खत्री, श्री बी० एन०
गुलेरी, मेजर जगद्धर शर्मा
नायडु, श्री पी० एस०
बाल, डा० दत्तात्रेय वामन
चक्रवर्ती, डा० धीरेन्द्रनाथ

Chairman

KOTHARI, DR. DAULAT SINGH
(1961-1965)

SETHI, DR. NIHAL KARAN
(1965-1966)

PRASAD, DR. BISHWA NATH
(1966-1967)

BALASUBRAMANIAM, DR. S.
(1967-1968)

SAKSENA, DR. BABU RAM
(1968-1970)

BHARGAVA, SHRI KRISHNA DAYAL
(1970)

SOMAYAJI, SHRI G. J.
(1970-1971)

SHARMA, DR. P. GOPAL
(1971—)

Vice Chairman

NAIK, SHRI RAMA PRASANNA

Consultant

NAGENDRA, DR.

Members

BARDHAN, DR. J. C.
KHATTRI, SHRI B. N.
GULERI, MAJOR J. S.
NAIDU, SHRI P. S.
BAL, DR. D. V.
CHAKRAVARTI, DR. D. N.

संगोष्ठियों तथा परामर्शदात्री समितियों में भाग लेने वाले विशेषज्ञ
Scholars who Attended Seminars and Expert Advisory Committee Meetings

आयुर्विज्ञान
Medical Sciences

कर्णनासा कण्ठविज्ञान
Otorhinolaryngology

1. आप्टे, डा. बी पी., अवैतनिक कर्णनासाकंठ शल्यचिकित्सक, ससूनज नरल चिकित्सालय, पूना — APTE, DR. B. P., Hony. E.N.T. Surgeon, Sassoon General Hospital, Poona

2. जयतिलकन, डा. सी. जी., सह-आचार्य, कर्णनासाकंठ-विज्ञान, आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, कोट्टयम — JAYATHILAKAN, DR. C.G., Associate Professor in E.N.T., Medical College, Kottayam

3. जार्ज, डा. ए. टी., कर्णनासाकंठ शल्य-चिकित्सक, मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नई दिल्ली — GEORGE, DR. A.T., E.N.T. Surgeon, Maulana Azad Medical College, New Delhi.

4. महिन्द्र, डा. एस. के., प्राध्यापक, कर्णनासाकंठ-विज्ञान लेडी हार्डिंज आयुर्विज्ञान, महाविद्यालय नई दिल्ली — MAHINDRA, DR. S. K., Lecturer in E.N.T., Lady Hardinge Medical College, New Delhi.

5. सिद्ध, डा. ए., आचार्य, कर्णनासाकंठ-विज्ञान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली — SIDHA, DR. A., Professor of E.N.T., All India Institute of Medical Sciences, New Delhi

काय चिकित्सा
Medicine

6. अग्रवाल, डा. कस्तूरी, उपाचार्य कायचिकित्सा, लेडी हार्डिज आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नई दिल्ली — AGARWAL, DR. KASTURI, Reader in Medicine, Lady Hardinge Medical College, New Delhi

7. गनेसन, डा. के. पी., आचार्य, नैदानिक आयुर्विज्ञान, कस्तूरबा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, मंगलोर — GANESAN, DR. K. P., Professor of Clinical Medicine, Kasturba Medical College, Mangalore

8. गुप्ता, ले. कर्नल., आचार्य- कायचिकित्सा, सशस्त्र सेना आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, पूना — CUPTA, Lt. Col., Professor of Medicine, Armed Forces Medical College, Poona

9. गुप्ता, डा. पी. एस., उपाचार्य, कायचिकित्सा, मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नई दिल्ली — GUPTA, DR. P. S., Reader in Medicine, Maulana Azad Medical College, New Delhi

10. गुलेरिया, डा. जे. एस., आचार्य, कायचिकित्सा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली — GULERIA, DR. J. S., Professor of Medicine, All India Institute of Medical Sciences, New Delhi

11.	गौड़, डा. के. एन., आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, कायचिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी	GAUR, DR. K. N., Prof. and Head of the Dept. of Medicine, Institute of Medical Sciences, Banaras Hindu University, Varanasi
12.	चक्रवर्ती, डा. एस. एन., आचार्य, नैदानिक आयुर्विज्ञान, के. जी. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, लखनऊ	CHAKARVARTY, DR. S.N., Prof. of Clinical Medicine, K.G. Medical College, Lucknow
13.	चारी, डा. एम. वी., आचार्य, कायचिकित्सा, कस्तूरबा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, मंगलोर	CHARI, DR. M. V., Professor of Medicine, Kasturba Medical College, Mangalore
14.	चुटानी, डा. एच. के., अपर आचार्य, कायचिकित्सा, मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नई दिल्ली	CHUTTANI, DR. H.K., Addl. Professor of Medicine, Maulana Azad Medical College, New Delhi
15.	चौधरी, डा. डी. सी., आचार्य, कायचिकित्सा, गौहाटी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, गौहाटी	CHAUDHURY, DR. D.C., Professor of Medicine, Gauhati Medical College, Gauhati
16.	टंडन, डा. बी. एन., आचार्य, कायचिकित्सा अखिल भारतीय आयु- विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली	TANDON, DR. B.N., Professor of Medicine, All India Institute of Medical Sciences, Ansari Nagar, New Delhi
17.	दलाल, डा. पी. एम., आचार्य, कायचिकित्सा, टोपीवाला राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं बी. आई. टी. नायर पूर्त चिकित्सालय, बम्बई	DALAL, DR. P.M., Professor of Medicine, Topiwala National Medical College & B.I.T. Nair Charitable Hospital, Bombay
18.	दास, डा. के. वी. कृष्ण, सह-आचार्य, आयुर्विज्ञान, आयुर्विज्ञान महाविद्यालय त्रिवेन्द्रम	DAS, DR. K.V. KRISHNA, Associate Prof. of Medicine, Medical College, Trivandrum
19.	प्रसाद, डा. आर., परामर्शी चिकित्सक, तीरथराम चिकित्सालय, दिल्ली	PRASAD, DR. R., Consulting Physician, Tirathram Hospital, Delhi
20	पांडे डा. एस. एन., उपाचार्य, कायचिकित्सा, किंग जार्ज आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, लखनऊ	PANDEY, DR. S.N., Reader in Medicine, King George's Medical College, Lucknow
21.	बनर्जी, डा. बी. एन., आचार्य, कायचिकित्सा विभाग, आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, कलकत्ता	BANERJEE, DR. B.N., Professor, Deptt. of Medicine, Medical College, Calcutta
22.	भट्ट, डा. वी. आर., आचार्य, यक्ष्मा, कस्तूरबा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, मंगलोर	BHATTA, DR. V.R., Professor of T.B., Kasturba Medical College, Mangalore
23.	मलहोत्रा, डा. के. के., सह-आचार्य, कायचिकित्सा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	MALHOTRA, DR. V.R., Associate Professor of Medicine, All India Institute of Medical Sciences, New Delhi
24.	मिश्र, डा. एस. एस., आचार्य, कायचिकित्सा, आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, लखनऊ	MISRA, DR. S.S., Professor of Medicine, Medical College, Lucknow
25.	मिश्र, डा. आर. सी., सह-आचार्य, कायचिकित्सा, मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नई दिल्ली	MISRA, DR. R.C., Associate Prof. in Medicine, Maulana Azad Medical College, New Delhi
26.	रहमान, डा. आर. एम., आचार्य, कायचिकित्सा, आसाम आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, डिबरूगढ़	RAHMAN, DR. R.M., Professor of Medicine, Assam Medical College, Dibrugarh
27.	राघवन, डा. पी., आचार्य-निदेशक, कायचिकित्सा, सेठ जी. एस. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, बम्बई	RAGHAVAN, DR. P., Professor-Director of Medicine, Seth G.S. Medical College, Bombay
28.	लेले, डा. आर. डी., आचार्य, कायचिकित्सा, आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नागपुर	DELE, DR. R. D., Professor of Medicine, Medical College, Nagpur

29. शेन्डे, डा. जी. वाई.
अधीक्षक,
पूना वक्ष चिकित्सालय
आउंध शिविर,
पूना

SHENDE, DR. G.Y.,
Superintendent,
Poona Chest Hospital,
Aundh Camp,
Poona

30. संजीवी, डा. के. एस.,
सेवामुक्त आचार्य,
कायचिकित्सा,
मद्रास आयुर्विज्ञान
महाविद्यालय, मद्रास

SANJIVI, DR. K.S.,
Emeritus Professor of
Medicine, Madras Medical
College, Madras

31. सुकुमार, डा. आई. पी.,
उपाचार्य, कायचिकित्सा,
क्रिश्चियन आयुर्विज्ञान,
महाविद्यालय एवं
चिकित्सालय, वेल्लोर

SUKUMAR, DR. I. P.,
Reader in Medicine,
Christian Medical College,
& Hospital, Vellore

32. सूद, डा. एस.
प्राध्यापक कायचिकित्सा,
लेडी हार्डिंज आयुर्विज्ञान
महाविद्यालय एवं
चिकित्सालय, नई दिल्ली

SOOD, DR. S.,
Lectutre in Medicine,
Lady Hardinge Medical
College & Hospital,
New Delhi

33. हैज, डा. बी. एम.,
उपाचार्य, कायचिकित्सा,
कस्तूरबा आयुर्विज्ञान
